## महत्वपूर्ण एवं खास

### हमले में घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मृत्यु

**कोरबा (आरएनएस)।** विगत दिनों कोरबा-चांपा मार्ग में बसे उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवापारा में किसी धारदार वस्तु के हमले में गंभीर रुप से घायल बुजुर्ग ग्रामीण की अस्पताल में उपचार के दौरान हुई मृत्यु हो गई। कोरबा शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। उक्त मामले में पुलिस अब हत्या का अपराध कायम कर अपराधियों की तलाश में जुट गई है। उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत नवापारा गांव में विगत दिनों यह वारदात सामने आई थी, जहां अपने घर के बाहर सो रहे ग्रामीण पर किसी अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से हमला कर उसे लहुलुहान कर दिया था। गंभीर रुप से घायल ग्रामीण को अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। मामले में उरगा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच कार्यवाही में जुट गयी हैं।

### सबमर्सिबल पंप व पाइप की चोरी होने से संस्था में पानी की समस्या

**कोरबा (आरएनएस)।** हरदीबाजार थाना अंतर्गत भांठापारा स्थित शास्त्री हाई स्कूल के पीछे बाउंड्रीवाल के अंदर लगे सबमर्सिबल पंप व पाइप को 15 फरवरी की मध्यरात्रि को अज्ञात चोरों ने कनेक्शन काट कर चोरी कर ली। संस्था के प्राचार्य ने 16 फरवरी को थाना जाकर थाना प्रभारी के नाम सबमर्सिबल पंप व पाइप चोरी होने की लिखित शिकायत की थी, लेकिन इस दिशा में आज तक न कोई सुराग मिला न तो चोर को पुलिस पकड़ पाई। संस्था के प्राचार्य पदमिनी रात्रे ने कहा कि सबमर्सिबल पंप व पाइप चोरी होने से संस्था में पानी की समस्या गंभीर हो गई है।

### हादसे में चार लोगों की मौत पर सीएम साय ने जताया दुख

**रायपुर (आरएनएस)।** सीएम साय ने एक्स पर ट्वीट कर लिखा कि सरगुजा जिले के सीतापुर थाना क्षेत्र में बोलेरो-कंटेनर के बीच हुई सडक़ दुर्घटना में 4 लोगों की मृत्यु की खबर अत्यंत दु:खद है. हादसे में 6 लोगों के आंशिक रूप से घायल होने की भी खबर है. सरगुजा जिला प्रशासन द्वारा घायलों को त्वरित इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है. प्रशासन को बेहतर चिकित्सकीय व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं. ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने व घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं.बता दें कि यह घटना ग्राम विशुनपुर प्लांट के पास मुख्य मार्ग एनएच-43 पर हुई. महाशिवरात्रि के पर्व पर श्रद्धालु किलकिला शिव मंदिर के दर्शन करने के लिए गए थे. यहां से सभी रेवापुर-सखौली लौट रहे थे. इसी दौरान ट्रक और श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो क्रमांक के बीच भिड़ंत हो गई. हादसा इतना जोरदार था कि कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई. कार में 11 से ज्यादा लोग सवार थे. हादसे में मासूम समेत चार लोगों की मौत हो गई. जबकि 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. साथ ही अन्य लोगों को मामूली चोटें आई है.

### बिना कंडक्टर लाइसेंस के मिले यात्री वाहनों के कंडक्टरों पर कार्यवाई

**बलरामपुर रामानुजगंज (आरएनएस)।** जिला बलरामपुर रामानुजगंज, झारखंड राज्य का सीमावर्ती क्षेत्र है इस मार्ग से झारखंड एवं बिहार राज्य के लिए बसें संचालित होती है, इस मार्ग के संचालित यात्री वाहनों पर प्रभारी अधिकारी परिवहन चेकपोस्ट रामानुजगंज द्वारा बिना कंडक्टर लाइसेंस के मिले यात्री वाहनों के कंडक्टरों पर कार्यवाही की जा रही है, परिवहन चेक पोस्ट अधिकारी ने बताया की बिना कंडक्टर लाइसेंस के विरुद्ध परिवहन विभाग सख़्त है, मोटरयान नियमों अनुसार यात्रियों को सुविधा देने हेतु बस के कंडक्टर के पास लायसेंस होना चाहिए, बिना कंडक्टर लायसेंस के विरुद्ध चेकिंग जारी है , 30 यात्री बसों के कंडक्टर के पास लाइसेंस नहीं होना पाया गया साथ ही कंडक्टर वर्दी में नहीं थे जिसे लगभग 38000 समन शुल्क वसूल किया गया। प्रभारी अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिन बसों के कंडक्टरों के पास कंडक्टर लाइसेंस नहीं है उन पर सख़्त कार्यवाही की जाएगी , साथ ही कंडक्टर लायसेंस बनवाने हेतु समझाइश भी दी जा रही है।

# पति-पत्नी को बंधक बनाकर लाखों की लूट करने वाले दो अंतर्राज्यीय लूटेरे गिरफ्तार

**मुंगेली । आरएनएस**

जिले के लोरमी थाना क्षेत्र में पिछले दिनों एक प्रधान पाठक के घर में घूसकर उसको एवं उनकी पत्नी को बंधक बनाकर चाकू एवं कट्टे की नोक पर सोना-चांदी व नगदी रकम लूटने वाले 02 आरोपियों को मुंगेली पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा घटना मे प्रयुक्त देशी कट्टा एवं लूट की रकम, सोना-चांदी जप्त किया गया है। आरोपी पूर्व में भी ट्रेन हाईजैकिंग, बैंक डकैती व हथियार तस्करी जैसी बड़ी वारदात को दे चुके है अंजाम।

बता दें कि दिनांक 19.02.25 को द्वारिका प्रसाद वैष्णव पिता लखन दास निवासी 62 वर्ष निवासी मसना थाना लोरमी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 18.02.25 को रात्रि करीबन 08.00 बजे किराना दुकान से समान लेकर अपने घर आया तो देखा कि घर का मुख्य द्वार अंदर से बंद था जिसे अंदर से खोलवाने पर दरवाजा के पीछे छिपे दो नकाबपोश लुटेरे प्रार्थी को अंदर ले गये एवं प्रार्थी व उसकी पत्नी को चाकू और कट्टे की नोक पर धमकाकर घर अंदर आलमारी में रखे गहने लगभग 10 तोला सोना और चांदी 01 किलो चांदी कीमती करीबन 08 लाख रूपये एवं नगदी रकम 03 लाख जुमला कीमती 11 लाख रूपये लूट कर प्रार्थी एवं उसकी पत्नी को घर अंदर बंद कर बाहर से दरवाजा का कुण्डी लगाकर भाग गये कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 309 (4), 331 (6), 127 (2) बीएनएस के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक मुंगेली भोजराम पटेल (भापुसे) के द्वारा प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुंगेली नवनीत कौर छाबडा एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लोरमी माधुरी धिरही के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर प्रकरण में घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया एवं सायबर सेल से तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर संदेहियो का लगातार पता किया गया, विवेचना दौरान पूर्व के प्रकरण में संलिप्त संदेही राजकुमार कश्यप पिता सीताराम उम्र 55 साल साकिन ठरकपुर थाना लोरमी को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ करने पर घटना कारित करना स्वीकार किया। आरोपी राजकुमार कश्यप का मेमोरण्डम कथन लिया गया जो दिनांक घटना को अपने साथी तौहीद खान जद व जद का साथी को बुलवाकर द्वारिका वैष्णव के घर लूटपाट करवाना स्वीकार किया गया तथा लूटे गये रकम मे से 25000 रूपये को प्राप्त करना बताया तथा उक्त रकम में से 11000 रूपये को खर्च हो जाना तथा तीनो आरोपी को फरार होना बताया। आरोपी राजकुमार कश्यप के कब्जे से 14000 रूपये को जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध अपराध थारा का सबूत पाये जाने से दिनांक 23.02.25 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपी राजकुमार कश्यप के बयान के अनुसार आरोपियो की पता-तलाश कर एक आरोपी तौहीद खान पिता अकबर खान को इंदाबानी मोड़ थाना सोम्मनी नेशनल हाईवे मे घेराबंदी कर संदेही अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ करने पर घटना कारित करना स्वीकार किया, जिसके कब्जे से एवं बताये स्थान से क्रमश: सोने का झुमका 01 जोडी किमती लगभग 1.5 लाख 01 नंग नथनी किमती लगभग 26 हजार 01 नंग अगूठी किमती लगभग 47 हजार 01 नेग लाकेट किमती लगभग 13 हजार 01 सेट चोकर किमती लगभग 02 लाख 78 हजार तथा चांदी का 02 जोडी लच्छा किमती लगभग 60 हजार 01 जोडी पायल किमती लगभग 27 हजार 01 नंग करधन किमती लगभग 20 हजार 01 जोडी पायल किमती जगभग 03 हजार 01 नंग कटोरी किमती लगभग 500 सौ बिछिया 02 जोडी किमती लगभग 500 सौ चम्मच 03 नंग किमती लगभग 500 सौ की-रिंग 02 नंग किमती लगभग 02 हजार चुडा 02 जोडा किमती लगभग 01 हजार मुकुट 01 जोडी किमती लगभग 02 हजार तथा 02 नंग मोबाईल व घटना मे प्रयुक्त 02 मो.सा तथा लूट के नगदी रकम 90 हजार को अपने एचडीएफसी बैंक के खाता मे जमा करना एवं 1300 रूपये जुमला किमती 734000 लगभग व 01 नग देशी कट्टा आरोपी के कब्जे से जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा का सबूत पाये जाने से दिनांक 26.02.2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

उक्त दोनो आरोपियों द्वारा वर्ष 2013 में गैंगस्टर उपेन्द्र सिंह उर्फ कबरा को पुलिस हिरासत से छुड़ाने के लिए ट्रेनहाईजैक किया गया था एवं वर्ष 2014 में दुर्ग जिले में ही यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में हुई रॉबरी की घटना में हथियार उपलब्ध कराया गया था। उक्त आरोपियों द्वारा कोरबा, राजनांदगांव एवं अन्य जिलों में भी लूट, डकैती जैसे कई गंभीर अपराधो को अंजाम दिया जा चूका है।

## फर्जी मोबाइल सिम जारी करने वाले गिरोह के 8 सदस्य गिरफ्तार

**आरोपी फर्जी सिम को अन्य लोगों को बेचते थे जिनका उपयोग साइबर फ्रॉड में होता था**

**कोरबा । आरएनएस**



कोरबा पुलिस ने फ र्जी मोबाइल सिम जारी करने वाले गिरोह के 8 सदस्यों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से 7 मोबाइल, 1 फिंगर स्कैनर बरामद किया है। आरोपियों द्वारा लगभग दो हजार फर्जी सिम बेचे जाने की जानकारी मिली है।

मिली जानकारी के अनुसार कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमान सिद्धार्थ तिवारी (भा.पु.से.) के निर्देशानुसार, साइबर प्रभारी रविंद्र कुमार मीणा (भा.पु.से.) एवं सीएसपी दर्री विमल कुमार पाठक (भा.पु.से.) के नेतृत्व में कटघोरा थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी द्वारा कटघोरा पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम के साथ मिलकर क्षेत्र में संचालित मोबाइल सिम विक्रेताओं व एजेंटों की जांच की गई। जांच के दौरान सामने आए तथ्यों ने चौंकाने वाला खुलासा किया। कटघोरा थाना क्षेत्र के छुरी, धवईपुर, डुडगा, कटघोरा सहित अन्य स्थानों से 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपी मोबाइल सिम जारी करने के लिए फिंगर स्कैनर का इस्तेमाल करते थे और धोखे से एक ही व्यक्ति के फिंगरप्रिंट को तीन-चार बार स्कैन कर कई सिम कार्ड जारी कर लेते थे। इन फर्जी सिम कार्डों को मोटी रकम में बेचा जाता था, जिससे साइबर अपराधों को अंजाम दिया जाता था। प्रारंभिक जांच में करीब 2,000 फर्जी सिम जारी कर बेचे जाने की जानकारी सामने आई है।

मामले में पुलिस ने आर्यन डिक्सेना,नंद किशोर डिक्सेना, धीरेंद्र यादव, शिवम श्रीवास, नरेश यादव, प्रयाग डिक्सेना, चित्रांश अनंत तथा प्रदीप यादव को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7 मोबाइल फोन, 1 फिंगर स्कैनर, 53 ब्लैंक मोबाइल सिम कार्ड जब्त किया है। सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 318,(4), 336(3), 340(2), 316(5), 3(5 )क्चहस् एवं 66(ष्ट) आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

कोरबा पुलिस आम जनता से अपील की है कि अपने आधार कार्ड और फिंगरप्रिंट को किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या अनधिकृत मोबाइल सिम विक्रेता को न दें। यदि कोई आपसे आधार कार्ड या बायोमेट्रिक डेटा लेकर मोबाइल सिम जारी करने की कोशिश करता है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

फर्जी मोबाइल सिम का उपयोग साइबर अपराधों में किया जाता है, जिससे आम नागरिक ठगी का शिकार हो सकते हैं। सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना निकटतम पुलिस स्टेशन या साइबर सेल को दें।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर पलटन घाट शिवलिंग मंदिर में धूमधाम से पूजा अर्चना की गई

**रामानुजगंज । आरएनएस**

महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर के विभिन्न शिवालियों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी वही आजादी के पहले से पलटन घाट के बगल में शिवलिंग की पूजा अर्चना की जाती रही है वही यहां कुछ वर्षों से स्थानीय उत्साही युवाओं के द्वारा महाशिवरात्रि पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है। यहां छत्तीसगढ़ के साथ-साथ झारखंड के भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने पहुंचे।

यहां के संबंध में विकास तिवारी ने बताते हैं कि हमारे दादा स्वर्गीय पुजारी बाबा के द्वारा महाशिवरात्रि को पूजा अर्चना प्रारंभ कराया गया था। शिवरात्रि के दिन यहां नगर से बड़ी संख्या में लोग पूजा अर्चना करने पहुंचते थे। आज भी परंपरा जारी है तिवारी बताते हैं कि प्रत्येक वर्ष मेरे परिवार से लोग यहां पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं। विश्व हिंदू परिषद के आशीष सिंह एवं आकाश तिवारी सहित अन्य उत्साही युवाओं के द्वारा यहां महाशिवरात्रि के पूजा अर्चना को भव्यता प्रदान की गई एवं भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है।

यहां की नैसर्गिक खुबसूरती लोगों को करती है आकर्षित...... शिवलिंग कन्हर नदी के तट पर स्थित है यहां की नैसर्गिक खूबसूरती देखते बनती है। यदि यहां धर्म प्रेमी लोग ध्यान देते हैं तो यह स्थान और रमणीय बन सकता है।

## पीएच रोड में सरेआम बाइक सवार से 90 हजार की लूट

**कोरबा । आरएनएस**

कोरबा शहर के व्यस्त क्षेत्र पावर हाउस रोड में मंगलवार की दोपहर सरेआम लूट (झपटमारी) की वारदात हो गई। एक बाइक में सवार दो युवकों में से एक ने इस वारदात को अंजाम दिया और तेजी से भाग निकले। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक इस वारदात को पावर हाउस रोड में संचालित दिशा मोबाइल के सामने मंगलवार दोपहर करीब 2रू30 बजे अंजाम दिया गया। मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 इडी 8472 में सवार चालक हेलमेट पहने था जबकि पीछे बैठा आरोपी युवक थैले को झपटकर अपने कब्जे में लेता नजर आया। कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मोतीलाल पटेल ने बताया कि दोपहर के वक्त मानिकपुर पुलिस सहायता केंद्र अंतर्गत गायत्री नगर निवासी अमीचुर केरकेट्टा जो पेशे से वाहन चालक है, वह एसएस प्लाजा पावर हाउस रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा आया था। यहां से उसने 90000 रुपये आहरण किया और एक थैला में सभी रकम को रखने के बाद बाएं हाथ में लपेटकर रखा और मानिकपुर के लिए पैदल ही रवाना हुआ। दिशा मोबाइल के सामने से गुजरते वक्त पीछे से एक बाइक में सवार होकर पहुंचे दो लोगों में से पीछे बैठे युवक ने उसके हाथ से झपटकर थैला को छीना। 58 वर्षीय पीड़ित ने थैले को बचाने की काफी कोशिश की लेकिन आरोपी उसे झटके से छीन कर फरार हो गए। यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है और आरोपियों की तलाश सरगर्मी से की जा रही है। जिस बाइक का इस्तेमाल वारदात को अंजाम देने में किया गया, उसके नंबर की भी तस्दीक की जा रही है कि वह असली है या फर्जी..? माना जा रहा है कि लुटेरे बैंक से ही पीड़ित का पीछा कर रहे थे और मौका पाकर वारदात को अंजाम दे दिया।

## म्यूल अकाउंट फ्रॉड के मामले में पीएसओं एजेंट,बैंक कर्मचारी सहित 19 गिरफ्तार

**बिलासपुर । आरएनएस**




बिलासपुर पुलिस ने ऑनलाइन साइबर फ ्रॉड के अवैध लेन-देन में इस्तेमाल किए गए फर्जी बैंक अकाउंट (म्यूल अकाउंट) धारकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पीओएस एजेंट (फर्जी सिम कार्ड बेचने वाला), कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक के कर्मचारियों सहित कुल 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा उपलब्ध कराये गये म्यूल अकाउंट्स के जरिए करीब 3 करोड़ रुपये का अवैध ट्रांजेक्शन होने की जानकारी मिली है।

मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर पुलिस की 10 टीमों ने 20 से अधिक स्थानों पर एक साथ छापा मारकर ऑनलाइन साइबर फ्रॉड के अवैध लेन-देन में इस्तेमाल किए गए फर्जी बैंक अकाउंट (म्यूल अकाउंट) धारकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पीओएस एजेंट (फर्जी सिम कार्ड बेचने वाला), कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक के कर्मचारियों सहित कुल 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने साइबर क्राइम पोर्टल की रिपोर्ट, बैंक ट्रांजेक्शन, एक ही व्यक्ति के नाम पर कई बैंक अकाउंट, डिजिटल अरेस्ट, शेयर ट्रेडिंग फर्जी ऐप, क्रिप्टो करेंसी निवेश, गूगल रिव्यू टास्क, टेलीग्राम टास्क, बैंक केवाईसी अपडेट और गूगल सर्च से जुड़े तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच की। इसी दौरान इन फर्जी खातों और साइबर ठगी से जुड़ी जानकारी सामने आई। जिसके बाद रेंज साइबर थाना बिलासपुर, एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा विभिन्न थानों के 100 से अधिक पुलिसकर्मियों ने मिलकर यह कार्रवाई की। साथ ही म्यूल अकाउंट फ ्रॉड के करीब 97 लाख रुपये फ ्रीज किया गया है। आरोपियों ने दिल्ली, अलवर (राजस्थान) समेत कई स्थानों पर करीब 300 से अधिक साइबर ठगों को म्यूल बैंक अकाउंट और फर्जी सिम कार्ड उपलब्ध करा रहे थे।

## ड्रग्स के साथ पकड़ाया राजस्थान का अंतर्राज्यीय आरोपी

**रायपुर । आरएनएस**




राजधानी रायपुर की थाना पुरानी बस्ती पुलिस ने राजस्थान का अंतर्राज्यीय आरोपी को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 11 हजार रूपये कीमत का 07.15 मिलीग्राम ड्रग्स जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 21(बी) नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 26.02.25 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना मिली कि थाना पुरानी बस्ती क्षेत्रांतर्गत भाठागांव स्थित अशोक वाटिका के पास एक व्यक्ति अपने पास ड्रग्स रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना पुरानी बस्ती पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम देवीदास वैष्णव होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसकी तलाशी लेने पर उसके पास मादक पदार्थ ड्रग्स रखा होना पाया गया। मादक पदार्थ ड्रग्स रखने के संबंध में पूछताछ करने पर देवीदास वैष्णव द्वारा पुलिस टीम को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी देवीदास वैष्णव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 07.15 मिलीग्राम ड्रग्स कीमती लगभग 11,000 रुपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना पुरानी बस्ती में धारा 21(बी) नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। प्रकरण में फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेजेस के आधार पर अन्य आरोपियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ जारी है। गिरफ्तार आरोपी देवीदास वैष्णव पिता सत्यनारायण वैष्णव उम्र 33 वर्ष मूलत: मुखेड़ी थाना फलोदी जिला फलोदी राजस्थान का निवासी है जो फिलहाल रायपुर के अशोक वाटिका के पास महादेव घाट रोड भाठागांव में रहता है।

## संघर्ष की मिट्टी से बनी सरिता की तक़दीर

**रायपुर**



गाँव की उस कच्ची पगडंडी पर सरिता बाई नगेशिया अक्सर नंगे पाँव चला करती थीं। धूप कितनी भी तेज़ हो, बारिश कितनी भी ज़ोर से बरस रही हो, या ठंड कितनी भी कड़ाके की हो उन्हें हर हाल में रोज़ की मजदूरी पर जाना ही होता था। उनके लिए दिन का मतलब था सुबह से शाम तक खेतों में मेहनत, और रात का मतलब था अगले दिन के काम की चिंता।

मेरे पास सपने थे, लेकिन उन्हें पूरा करने के लिए साधन नहीं, सरिता बाई अक्सर खुद से कहतीं। दो वक्त की रोटी जुटाने में ही जीवन बीत रहा था। उनके बच्चे स्कूल जाना चाहते थे, मगर किताबों और फीस के लिए पैसे कहाँ थे ? घर की दीवारें कच्ची थीं, और सपनों की नींव भी उतनी ही कमजोर लगती थी। एक दिन गाँव की कुछ महिलाओं ने उनसे सीताराम महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ने की बात की। सरिता बाई को यकीन नहीं था कि क्या इससे सच में कुछ बदल सकता है? लेकिन उनके पास खोने को कुछ नहीं था, तो वे जुड़ गईं। धीरे-धीरे वे समूह की बैठकों में जाने लगीं, और वहाँ उन्होंने कुछ ऐसी कहानियाँ सुनीं, जो उनकी अपनी कहानी से मिलती-जुलती थीं। उन महिलाओं ने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी ज़िंदगी बदल दी थी।

सरिता बाई ने भी हिम्मत जुटाई और सीआईएफ से लोन लेकर ईंट बनाने का काम शुरू किया। शुरुआत में मुश्किलें आईं, गाँव के कुछ लोग हँसते थे, कुछ ताने मारते थे, और कुछ कहते कि यह काम महिलाओं के लिए नहीं है। लेकिन सरिता बाई ने किसी की बातों पर ध्यान नहीं दिया। मिट्टी गूँधने से लेकर ईंटें पकाने तक, उन्होंने सब कुछ खुद किया। उनका हाथ खुरदरा हो गया, लेकिन आत्मविश्वास पहले से कहीं ज्यादा मज़बूत हो गया।

धीरे-धीरे उनका काम चल निकला। जब उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 1 लाख रुपये का लोन लिया, तो उनका व्यवसाय और भी बढ़ गया। अब वे हर साल दो लाख रुपये से ज्यादा कमाने लगीं। जिन लोगों ने उन पर ताने कसे थे, वही अब उनकी मेहनत की तारीफ करने लगे। जहाँ कभी उनके पास साइकिल तक नहीं थी, अब उन्होंने अपने लिए स्कूटी खरीद ली और अपने पति के लिए बाइक। खेतों में भी वे अब मजदूरी नहीं करतीं, बल्कि अपनी खुद की ज़मीन पर खेती करती हैं। सबसे बड़ी बात यह कि अब उनके बच्चे स्कूल जा रहे हैं, और उनका भविष्य सुरक्षित हो गया है।

सरिता बाई अब सिर्फ़ एक मजदूर नहीं, बल्कि एक सफल उद्यमी हैं। वे कहती हैं, पहले मैं दूसरों के खेतों में मजदूरी करती थी, लेकिन अब मैं अपनी मेहनत से खुद का व्यवसाय चला रही हूँ। मैंने अपनी काबिलियत को पहचाना और अपनी तक़दीर खुद लिखी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU